# कृतज्ञता के शब्द

‘कृतज्ञता’ शब्द का अर्थ है, ‘आभार।’ हर वर्ष ‘आनन्दमय जन्मदिवस’ के उपलक्ष्य में गुरुमाई चिद्विलासानन्द द्वारा प्रदान किए जाने वाले सद्गुण वैभव में से एक सद्गुण है, कृतज्ञता। श्रीगुरुमाई सिखाती हैं कि ये सद्गुण हमारी अन्तरात्मा के पहलुओं के रूप में हम में से हरेक के अन्तर में विद्यमान हैं। प्रत्येक नवम्बर में, अमरीका में मनाया जाना वाला थैंक्स्गिविंग पर्व, एक अवसर है जब हम कृतज्ञता के सद्गुण पर मनन करते हैं और आभार व्यक्त करते हैं, धरती माँ के प्रति, हमारे विकास में सहारा व सम्बल देने वाले अपने मित्रों व परिजनों के प्रति, विश्व में परिव्याप्त साधुता के प्रति और अपनी श्रीगुरु के प्रति जिनकी कृपा व सिखावनियों से हमारा जीवन धन्य है। इस पर्व के उपलक्ष्य में, ‘कृतज्ञता के शब्दों’ से अलंकृत इस जगमगाते पात्र का आनन्द लें, जहाँ आप विश्वभर की भाषाओं में ‘कृतज्ञता’ शब्द को व्यक्त किया हुआ देख व सुन सकेंगे।

© २०२१ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।